कार्यालय पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी

प्रेस नोट

दिनांक-15.09.2023

24 घण्टे के अंदर शातिर मोबाईल लुटेरे 1-भूपेन्द्र यादव व 2-दीपचंद थाना लालपुर पाण्डेयपुर पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार, कब्जे से लूट का 01 अदद मोबाईल फोन व घटना मे प्रयुक्त बाइक बरामद ।

श्रीमान् पुलिस आयुक्त वाराणसी के चोरी/लूट की घटनाओं के अनावरण एवं वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, श्रीमान पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के निर्देशन मे, श्रीमान अपर पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के पर्यवेक्षण मे एवं श्रीमान सहायक पुलिस आयुक्त कैन्ट के नेतृत्व में थाना लालपुर पाण्डेयपुर पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर मु0अ0सं0-0247/23 धारा 392/411 भा0द0वि0 से संबंधित वांछित अभियुक्तागण 1-भूपेन्द्र यादव पुत्र बिरजन यादव निवासी दादुपुर थाना शिवपुर कमिश्नरेट वाराणसी व 2-दीपचन्द पुत्र गुलाबचन्द निवासी दादुपुर थाना शिवपुर कमिश्नरेट वाराणसी को आज दिनांक-15.09.2023 को समय करीब 11.50 बजे महादेव मन्दिर पोखरा ऐढे के पास से 01 अदद लूट के मोबाईल व घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार किया गया । उक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना लालपुर पाण्डेयपुर पुलिस द्वारा आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है ।

गिरफ्तार अभियुक्तगण का विवरण-

1.भूपेन्द्र यादव पुत्र बिरजन यादव निवासी दादुपुर थाना शिवपुर कमिश्नरेट वाराणसी, उम्र 22 वर्ष।

2.दीपचन्द पुत्र गुलाबचन्द निवासी दादुपुर थाना शिवपुर कमिश्नरेट वाराणसी, उम्र 24 वर्ष।

विवरण पूछताछ-पूछताछ करने पर अभियुक्त भूपेन्द्र यादव ने बताया कि मैं दिनांक-13.09.2023 को समय करीब 04 बजे शाम को अपने दोस्त दीपचन्द की पल्सर गाड़ी पर बैठा हुआ था तभी हमलोगों के सामने से एक महिला साईकिल से अपनी मोबाईल पर बात करते हुये जा रही थी, मेरे पास मोबाईल नहीं था, मुझे लालच आ गया और हमलोग एसटीपी प्लांट आजमगढ़ रोड के पास मोबाईल को छीन कर वहाँ से भाग गये थे ।

बरामदगी का विवरण-

01 अदद लूट का मोबाईल फोन सैमसंग ग्लैक्सी A03 व घटना में प्रयुक्त मोटरसाईकिल पल्सर नं0 UP65DF9375 बरामद।

आपराधिक इतिहास-

अभियुक्त दीपचन्द पुत्र गुलाबचन्द निवासी दादुपुर थाना शिवपुर कमिश्नरेट वाराणसी, उम्र 24 वर्ष।

1-मु0अ0सं0 239/2020 धारा 323/504/506 भा.द.वि थाना शिवपुर कमिश्नरेट वाराणसी

गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम का विवरण-

1.उ0नि0 शशि प्रताप सिंह थाना लालपुर पाण्डेयपुर कमिश्नरेट वाराणसी।

2.हे0का0 सुरेन्द्र मौर्या थाना लालपुर पाण्डेयपुर कमिश्नरेट वाराणसी।

3.का0 हरिशचन्द्र गुप्ता थाना लालपुर पाण्डेयपुर कमिश्नरेट वाराणसी।

4.का0 मनीष तिवारी थाना लालपुर पाण्डेयपुर कमिश्नरेट वाराणसी।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस उपायुक्त
वरुणा जोन, कमिश्नरेट वाराणसी

POLICE COMMISSIONERATE
VARANASI
जनपद वाराणसी